गैरसैंण, रविवार
24 दिसम्बर 2023
वर्षः 14
अंकः 223 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार
www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## सात महीने बाद सबसे ज्यादा केस, 24 घंटे में चार लोगों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 752 कोरोनो केस मिले हैं। 21 मई के बाद एक दिन में कोरोना के इतने ज्यादा मामले सामने आए हैं।

**एक्टिव केस में भी इजाफा**

कोरोना मामलों में इजाफे के साथ सक्रिय मामले में भी इजाफा हुआ है। एक्टिव केस अब बढ़कर 3,420 हो गए हैं।सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में चार मौतों के साथ मरने वालों की संख्या अब तक 5,33,332 (तीन सालों का आंकड़ा) हो गई है। केरल में दो, राजस्थान और कर्नाटक में एक की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, कोरोना की शुरुआत से अब तक ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,71,212 हो गई है और राष्ट्रीय रिकवरी दर भी 98.81 फीसद है। मृत्यु दर अब 1.19 फीसद है। मंत्रालय की वेबसाइट पर बताया गया है कि देश में अब तक कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं।

# देवभूमि उत्तराखंड में आना मेरा परम सौभाग्य -उप राष्ट्रपति

### ◈ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित वेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिद्वार। देश के माननीय उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम ह्यह्यवेद विज्ञान एवं संस्कृति महाकुंभह्लह्ल का शुभारंभ किया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती तथा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस महाकुंभ में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रतिभाग किया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद के प्रणेता इन मनीषियों की पावन स्मृति में आयोजित यह महाकुंभ, उनके महान जीवन के प्रति हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है। इस महाकुंभ के माध्यम से वेद विज्ञान को सशक्त करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अपने सम्बोधन के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि माँ भारती के इस भू–भाग, देवभूमि उत्तराखंड में आना मेरा परम सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का वर्षों से नाम सुनता रहा हूं, आज पहली बार आने का मौका मिला है। नाम से ऊर्जावान होता रहा हूं, आज यहां से एक बड़ा संकल्प लेकर जाऊंगा। धनखड़ ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व सृजन का प्रमुख केंद्र है।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकों और छात्रों से कहा आप एक प्रेरणा के स्रोत हैं, राष्ट्रवादी चेतना और चिंतन के केंद्र है। कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय अनर्गल कारणों से हमारी संस्कृति और हमारी विकास यात्रा को कलंकित करने में लगे हुए हैं। मेरे मन में कोई शंका नहीं है आपकी विद्वता – संकल्प को देखते हुए कि भारत की संस्कृति कभी नीचे नहीं होगी, आपको उनका प्रतिकार करना चाहिए! उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि इस महान देश में कुछ लोग हैं, गिने चुने लोग हैं, वे भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। आप उनकी पाचन शक्ति को ठीक कीजिए। वह हमारे ही हैं लेकिन भटके हुए हैं। उन्हें मातृ भाषा में समावेशी शिक्षा प्रणाली स्वीकार ही नहीं है! यह कैसी बात है? अब वह दिन दूर नहीं है जब हर शिक्षा



मातृभाषा में उपलब्ध होगी। ज्यादा से ज्यादा लोगों को वेदों से अवगत कराने पर बल देते हुए धनखड़ नव कहा कि यह हमारे राष्ट्र–निर्माण के लिए और विश्व के स्थायित्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति को हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप बताते हुए उन्होंने कहा कि हर भारतवासी को अपनी संस्कृति और विरासत पर गौरव अनुभव करना चाहिए। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है।

उपराष्ट्रपति ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ गिने–चुने लोग अपनी संस्कृति, गौरवमयी अतीत और वर्तमान विकास को लेकर अपमान का भाव रखते हैं और भारत की महान छवि को धूमिल करने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि इनके हर कुप्रयास को कुंठित करना हर भारतीयों का परम दायित्व है और कर्तव्य है। ये जो ताकतें, हमारी संस्कृति के विरोध में हैं, राष्ट्रवाद के विरोध में हैं, हमारे अस्तित्व के विरोध में हैं, उन पर प्रतिघात होना चाहिए!

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
RAMADA | CROWNE PLAZA | JAYPEE HOTELS & RESORTS | COUNTRY | COURTYARD Marriott AHMEDABAD | SAYAJI | WELCOMHOTEL | PRIDE | HYATT | TAJ | Marriott HOTELS & RESORTS | RAFFLES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years | M.C.A 2 Years | B.H.M. 4 Years | B.B.A. 3 Years | B.C.A. 3 Years | B.Sc. IT 3 Years | C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# आईएचएमएस के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली, चलाया स्वच्छता अभियान

## होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरुक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीटयूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) के होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर से स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली और सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरुक किया।

शनिवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में होटल मैनेजमेंट के छात्र एकत्र हुए। संस्थान के ईडी अजयराज नेगी ने संस्थान से जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्रों ने बीईएल रोड के निकटवर्ती क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इसके बाद छात्रों ने संस्थान परिसर के बाहर




बीईएल रोड पर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने रोड किनारे फेंके गये कचरे को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। साथ ही राह चलते लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरुक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक नवीन किशोर, सपना रौथाण, गुरदीप सिंह, अनूप नेगी आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेवियों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया




जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज उमरावनगर (पदमपुर मोटाढाक) में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जन जागरूकता रैली निकाली। स्वयं सेवियों ने दुर्गापुरी चौराहा, उमरावनगर बस्ती तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट ने स्वयं सेवियों को सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारीश्री गणेश भट्ट, अशोक कुमार, चंद्रकांत कुकरेती, इंद्रमणि, श्रीमती अभिलाषा कुकरेती, श्रमती मधुबाला पांडे आदि मौजूद थे।

# लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाई इंद्रमणि बडोनी की जयंती



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्यामन्दिर इंटर कॉलेज उमरावनगर (पदमपुर मोटाढाक) कोटद्वार में उत्तराखंड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की जयंती लोक संस्कृति दिवस के रूप में मनाई गई।

इस अवसर पर विद्यालय में सदनशः उत्तराखंड लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीत, मांगल गीत, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जो कि पूर्ण रूप से गढ़वाली, कुमाऊंनी भाषाओं में हुई। साथ ही निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंज बिहारी भट्ट ने बताया कि हमें अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में बातचीत करनी चाहिए, क्योंकि ये बोलियां हमे हमारे पूर्वजों के द्वारा पोषित है। इस अवसर पर आचार्य गणेश, अशोक, मधुबाला, चंद्रकांत आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस द्विवेदी, कंचन रावत ने किया।

# विद्यालय का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकी नगर कोटद्वार में विद्या भारती द्वारा आयोजित विद्यालय वार्षिक निरीक्षण का शनिवार को सम्पन्न हो गया है।

समापन सत्र का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, विद्या भारती द्वारा नियुक्त त्रय निरीक्षक बंधु डॉ. अखिलेश शर्मा प्रधानाचार्य विद्या मंदिर सुमननगर धर्मपुर, उमराव सिंह मनराल प्रधानाचार्य विद्या मंदिर सितारगंज, महिताब सिंह गुसाईं प्रधानाचार्य विद्या मंदिर कोटी भानियावाला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रोहित बलोदी ने बताया कि निरीक्षण में आए निरीक्षकों द्वारा प्रथम दिवस पर विद्यालय कार्यालय में आय व्यय, छात्र पंजिका, ऑडिट रिपोर्ट आदि का निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस पर विद्यालय में गठित छात्र संसद विभाग के समस्त विभाग पदाधिकारियों की बैठक ली गई। साथ ही



विद्यालय में कक्षाशः शैक्षिक निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात आचार्य वृंद के साथ निरीक्षको द्वारा बैठक की गई। जिसमे डॉ. अखिलेश शर्मा ने लर्निंग टू लर्न, एक्सपेरिंशल लर्निंग और जॉयफुल लर्निंग पर अपना विषय रखा। उन्होंने कहा किहम सभी को एनईपी 2020 के आधार पर अपने शिक्षण को प्रभावी बनाना चाहिए। इस अवसर पर अप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, राजन शर्मा, शिवराम बडोला, संगीता रावत, गौरव बुडाकोटी, मोहन सिंह, अनिल भटनागर, श्रुति, सरोज, संगीता, नंदनी, राकेश और देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# अभिभावक बच्चों पर पढ़ाई के लिए दबाव न बनाएं : रितु

## नवयुग पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया 21वां वार्षिकोत्सव




जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नवयुग सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल, पदमपुर मोटाढ़ाक कोटद्वार का 21वां वाषिकोत्सव ह्लरैबारह्ल धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गढ़वाली, कुमाऊंनी, पंजाबी, गुजराती, मराठी, असामी, वैस्टर्न गीतों, योगा व रोमांचकारी खेल प्रस्तुति पर छात्र–छात्राओं द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रितु भूषण खण्डूरी विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक कोटद्वार अपने सम्बोधन में कहा कि हमें लड़के–लड़कियों में किसी कार का भेदभाव नहीं करना चाहिए, सभी को समान महत्व दिया जाना चाहिए। कहा कि विद्यालय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। कहा कि अभिभावकों को मात्र स्कूल व शिक्षकों पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए, अपितु स्वयं का दायित्व भी निवर्हन करना चाहिए। अभिभावकों को अपने बच्चों पर के प्रति पढ़ाई के दबाव नहीं बनाना चाहिए। उन्हें स्वतंत्र रूप से गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। मुख्य अतिथि श्रीमती रितु भूषण खण्डूरी विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक कोटद्वार ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा वाषिकोत्सव ह्लरैबारह्ल का मुख्य आकर्षण का केन्द्र उत्तराखण्ड के वीर सपूतों पर आधारित गढ़ों के भड़ नाट्य प्रस्तुति रही। गढ़ो के भड़ नाट्य प्रस्तुति में वीर भड़ तीलू रौंतेली, दरबान सिंह, लोदी रिखोला, पंथ्या दादा, कफ्फू चौहान, माधो सिंह भण्डारी, जीतू बगड्वाल के किरदारों को छात्र–छात्राओं द्वारा जीवन्त किया गया। गढ़ों के भड़ नाट्य प्रस्तुति उत्तराखण्ड के संस्कृति एवं कला क्षेत्र के सिद्ध प्रोफेसर डॉ राकेष भट्ट (दून विश्वविद्यालय) के निर्देशन में किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने उत्तराखण्ड वासियों को यह संदेश (रैबार) देना चाहते हैं कि हमें अपने वीर भड़ों की वीरता व कुर्वानियों को सदैव याद रखना चाहिए तथा अपनी संस्कृति को बचाने के लिए प्रयासरत होना चाहिए। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर अर्पिता नेगी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोट में विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल–कूद के क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक व खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी, विद्यालय संस्थापक हुकम सिंह नेगी, विद्यालय प्रबंधक दिनेश चन्द्र सिंह नेगी, रिटा. कर्नल जगत सिंह नेगी, सुरेन्द्र कुमार चौहान, श्रीमती सुनीता नेगी, विमला देवी, निर्मला देवी, अर्पिता नेगी, बाल भारती स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, अजय कुकरेती आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय गणित पर किया मेधावी छात्रों को सम्मानित



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस समारोह में देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का भावपूर्ण स्मरण करते हुए गणित विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी, शिक्षक प्रमोद रावत, प्रकाश कैंथोला, नीरज रमोला, संजय कुमार ने रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि प्राचीन काल से ही सभी प्रकार के ज्ञान–विज्ञान में गणित का स्थान सर्वोपरि रहा है। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को तमिलनाडु के ईरोड नामक गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था। मात्र 12 साल की उम्र में ही उन्होंने त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। 32 वर्षों के अपने छोटे से जीवनकाल में 3900 सूत्रों की खोज और प्रमेयों को सिद्ध करके उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय फलक पर भारत को एक नई पहचान दिलाई। संख्या सिद्धान्त पर रामानुजन के अद्भुत कार्य के लिए उन्हें संख्याओं का जादूगर माना जाता है। गणित में उनके योगदान को देखते हुए हर वर्ष उनके जन्म दिवस 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वर्ष 2023 की अद्धवार्षिक परीक्षा में गणित विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार (कक्षा–6) यश चौहान और कृष्ण (कक्षा–7), नमन सिंह और रितिका (कक्षा–8), अंशू रावत (कक्षा–9), सुमित नेगी (कक्षा–10), आर्यन चौहान और सानिया (कक्षा–11 ), रोनिका (कक्षा–12) को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग उठाई

**पिथौरागढ़(सं)।** नगर की सड़कों में बजरंग दल ने स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। शनिवार को बजरंग दल के प्रांत प्रमुख सोनम पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन दिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केएमओयू स्टेशन से टकाना तिराहे तक कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं है। उक्त सड़क में वाहन संचालक तेज रफ्तार से वाहन संचालित कर रहे हैं, विशेषकर दोपहिया वाहन संचालक। कहा कि रोजाना बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्ग इस मार्ग में आवाजाही करते हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में पवन नाथ, मुकेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### गंगोलीहाट में कांग्रेस ने सरकार का पुतला जलाया

**पिथौरागढ़(सं)।** लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला जलाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने अपने एक सांसद को बचाने के लिए विपक्ष के सैकड़ों सांसदों को असंवैधानिक तरीके से निष्कासित कर लोकतंत्र की हत्या की है। कहा कि भाजपा शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है। शनिवार को नगर में ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मेहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार का पुतला जलाया।

### पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**पिथौरागढ़(सं)।** जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए वीर जवानों को पूर्व सैनिक संगठन ने श्रद्धांजलि दी। संगठन के उपाध्यक्ष मयूख भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहीद जवानों की शहादत पर दु:ख जताते हुए कहा कि भारत माता की रक्षा के लिए उनके बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा।

### एनआई एक्ट का फरार वारंटी पकड़ा

**पिथौरागढ़(सं)।** न्यायालय से गैर जमानातीय वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे एनआई एक्ट के तहत पंजीकृत वारंटी खड़कोट राम लाल वर्मा को सिनेमालाइन से गिरफ्तार किया है। कोतवाल हिमांशु पंत का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### उद्यमिता के क्षेत्र में हैं बेशुमार संभावनाएं

**चम्पावत(सं)।** पीजी कॉलेज में दो दिनी बूट कैंप का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो.सुनील कटियार ने किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में बेशुमार संभावनाएं हैं। दो दिनी कैंप में छात्र छात्राओं को उद्यमिता की जानकारी दी जाएगी। पीजी कॉलेज में बूट कैंप का उद्घाटन किया गया। देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत छात्रों को उद्यम स्थापित करने की जानकारी दी गई।

### शराब पीकर झूठी सूचना देने पर 5हजार का चालान

**पिथौरागढ़(सं)।** जाजरदेवल में एक व्यक्ति को शराब पीकर पुलिस को झुट्ठी सूचना देना महंगा साबित हुआ। पुलिस के मुताबिक धनोड़ा निवासी खगेश अवस्ती नामक एक व्यक्ति ने हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल किया। उक्ति व्यक्ति का कहना था कि गुप्ता उनका अपने पिता के साथ झगड़ा हो गया है और वह घर से कहीं चले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर ऐसा कुछ नहीं मिला। बल्कि सूचना देने वाला व्यक्ति शराब के नशे में मिला। उसने पुलिस टीम के साथ अभद्रता भी की। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति का पांच हजार रुपए का चालान काटा है।

### पूर्व पीएम वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण 25 दिसंबर को

**काशीपुर(सं)।** बाजपुर रोड स्थित राजपुरम में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का शुभारम्भ एवं प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में दोपहर 2 बजे करेंगे। प्रादेशिक को–ऑपरेटिव यूनियन के अध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम मेहरोत्रा ने बताया कि 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का जन्मदिन मनाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्षा राज्यमंत्री सांसद अजय भट्ट्द करेंगे। कार्यक्रम में महामंत्री संगठन अजय, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी विशेष अतिथि होंगे।

### तमंचे संग एक गिरफ्तार

**काशीपुर(सं)।** पुलिस ने एक युवक को देशी तमंचे और चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है। आईटीआई पुलिस ने गश्त के दौरान पक्काकोट निवासी अमान खान उर्फ अमन पुत्र जमील अहमद को खोखराताल मंदिर रोड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में चालान किया है।

### ऑटो रिक्शा से बैटरी चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर(सं)।** अज्ञात चोर घर के सामने खड़े ऑटो रिक्शा से बैटरी चोरी कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पैगा चौकी क्षेत्र के ग्राम धीमरखेड़ा पार का मझरा निवासी प्रशांत पुत्र सुरेश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 21 दिसंबर की रात उसका ऑटो घर के सामने खड़ा था। इस दौरान चोर उसके ऑटो से बैटरी चोरी कर ले गए। उसने एक कार सवार व्यक्ति को बैटरी चोरी कर ले जाते देखा है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### युवाओं को निवेश के तरीके बताए

**पिथौरागढ़(सं)।** एलएसएम कैंपस में छात्र–छात्राओं को अध्ययन के साथ धन के निवेश करने के तरीके बताए। शनिवार को कैंपस में स्मार्ट निवेशक जागरुकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें मास्टर ट्रेनर एडवोकेट ललित मोहन पंत ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रुपये बचाने व सही जगह इनवेस्ट करने के तरीके बताए। निवेश के लिए बैंक स्कीम्स ,म्यूचुअल फंड्स , शेयर मार्केट,पोस्ट ऑफिस स्कीम के बारे में विस्तार से बताया और सही सोचकर सही जगह निवेश के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में ऑनलाइन धोकाधडी के बारे में भी छात्र–छात्राओं को जागरुक किया। कार्यक्रम में डॉ.रुचि शर्मा सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सिलाई प्रशिक्षण का समापन हुआ

**चम्पावत(सं)।** बनबसा में महिलाओं के सिलाई प्रशिक्षण का समापन हुआ ' प्रशिक्षण लेने वाली 50 महिलाओं को सिलाई मशीन बांटी गई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार व मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने प्रशिक्षण को स्वरोजगार में सहायक बताया। प्रशिक्षक पार्वती बिष्ट ने बताया कि महिलाओं को दो माह का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता मुरारी, सरस्वती चंद, जतिन चंद, रुक्मणी उनियाल, विमला बिष्ट मौजूद रहीं।




## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को जयंती पर याद किया

**पिथौरागढ़(सं)।** नगर में विभिन्न संगठनों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को जयंती पर याद किया। शनिवार को टकाना स्थित कच्चाहारी कुटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्वामी गुरुकुलानंद कच्चाहारी, डॉ. तारा सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री देश के किसानों की उन्नति के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। वह एक दक्ष प्रशासक, अर्थशास्त्री व उच्चकोटी के लेखक थे। गंगादत्त जोशी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में खेती को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संचालन बीना जोशी ने किया। यहां बसंत उप्रेती, गोपाल दत्त सती, राधा जोशी, नीरज धामी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### उद्योगों के नक्शे पास कराना अब होगा आसान : बंसल

**काशीपुर(सं)।** केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि पूरे राज्य में उद्योगों के नक्शे पास करने के लिए सीडा को ही अधिकृत कर दिया गया है। अब उद्योगों को अपने नक्शे पास कराना आसान हो जाएगा। इससे समय एवं धन की भी बचत होगी। केजीसीसीआई अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में अलग–अलग क्षेत्रों में अलग–अलग संस्थाओं जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्योगों के नक्शे सीडा, नगर निगम क्षेत्र में स्थापित होने वाले उद्योगों के नक्शे नगर निगम, नगर पालिका क्षेत्रों में नगरपालिका तथा महानगर क्षेत्रों में स्थापित होने वाले उद्योगों के नक्शे विकास प्राधिकरण द्वारा पास किए जाते थे। इनके पैरामीटर्स व नक्शे पास करने की दरें भी अलग–अलग थीं। इससे उद्योगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने पर कैबिनेट की बैठक में अब पूरे राज्य में उद्योगों के नक्शे पास करने के लिए सीडा को ही अधिकृत कर दिया गया है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, हंगामा

**काशीपुर(सं)।** तेज गति से जा रहे डंपर ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। वहां मौजूद लोगों ने घायल को गंभीरावस्था में सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने आरोपी डंपर चालक और उसके मालिक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चौकी का घेराव किया। वहीं नाराज लोगों ने दोराहा चौक पर धरना दिया, जिससे जाम की स्थिति बन गई। काफी समझाने के बाद परिजन धरने से उठे। गांव कनौरी निवासी केदारनाथ (44) पुत्र रामप्रसाद सब्जी का व्यापारी है। शनिवार को सुबह वह अपनी बाइक की सर्विस कराने के लिए दोराहा जाने को निकला था। गांव महेशपुरा में नेशनल हाईवे पर बने कट पर गदरपुर की ओर से आ रहे तेज गति वाहन चालक ने अनियंत्रित होकर केदारनाथ को अपनी चपेट में ले लिया। इस टक्कर में केदारनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक डंपर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों ने ई रिक्शा की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल में परिजनों व नाते रिश्तेदारों की भीड़ लग गई। वहीं सूचना पर पहुंची दोराहा पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतक केदारनाथ का एक पुत्र तथा दो पुत्रियां हैं। शाम को परिजन एकजुट होकर दोराहा चौकी पहुंच गए जहां इन लोगों ने आरोपी डंपर चालक तथा डंपर मालिक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी डंपर चालक को पकड़ लिया गया है। वहीं नाराज लोग दोराहा चौक पर धरने पर बैठ गए। वहां मौजूद एसएसआई गोविंद मेहता, दोराहा चौकी इंचार्ज देवेंद्र राजपूत ने इन लोगों को काफी समझाया और करीब 15 मिनट बाद इन लोगों ने अपना धरना समाप्त किया। पुलिस ने कहा कि आप लोग तहरीर दो कार्रवाई होगी।

## जिले में संभावित व्यवसायों को साकार करेंगे छात्र

**चम्पावत(सं)।** पीजी कॉलेज लोहाघाट में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से दो दिवसीय देव भूमि उद्यमिता बूट कैंप शुरू हो गया है। जिसमें कॉलेज के तीन सौ छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यमिता विशेषज्ञ डॉ. सुमित कुमार ने किया। उन्होंने पॉवर पॉइंट के माध्यम से स्थानीय चीजों और अन्य माध्यमों से अपना व्यवसाय करवाने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिले में किसी भी क्षेत्र में अपना व्यवसाय शुरू करने से पहले उस क्षेत्र की समस्याओं को पहचानना, फिर उस समस्या के समाधान में अपना विचार देना, उस विचार पर कार्य करना और उसे एक मॉडल के रूप में विकसित करना है। डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने बताया कि बूट कैंप में छात्र–छात्राओं ने चम्पावत जिले में संभावित नए व्यवसायों के कई मॉडल प्रस्तुत किए हैं। जिन्हें देवभूमि उद्यमिता योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता से आगे बढ़ाया जाएगा।

जिससे वह अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। इस मौके पर डॉ. मीना जोशी, डॉ. प्रकाश लखेड़ा, डॉ. अनिता सिंह, डॉ. स्वाति मेलकानी, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ.पंकज टम्टा, डॉ. स्वाति बिष्ट, डॉ. सीमा नेगी, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. शांति आदि रहीं।

### जसपुर में 200 जरूरतमंदों को बांटी रजाइयां

**काशीपुर(सं)।** जनहित सेवा संगठन ने ठंड से बचाने को 200 जरूरमंदों को रजाइयां बांटी। शनिवार को मिलन मेरिज हॉल में संस्था ने समारोहपूर्वक 200 महिला पुरुषों को रजाइयां बांटी।पूर्व विधायक डॉ.शैलेंद्र मोहन सिंघल, आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यूनूस चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन,पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि डोगरा, डॉ. एमपी सिंह, हाजी जाहिद, राशिद, आरिफ, सुल्तान भारती, आबिद नूरी, नौशाद सम्राट, राजकुमार, शाहनवाज ने संस्था के कार्यों को सराहा। यहां अध्यक्ष सोनू कादरी, शानेइलाही, फहीम, साकिब, रूबी, फखरूद्दीन, वसीम, साजिद, शाहरुख, फरमान, दिलशाद, आजम, जावेद, इरफान, अरबाज, वाजिद, आकिब इकबाल रहे।

### स्कूलों में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे

**काशीपुर(सं)।** एसटी पीटर एकेडमी में धूमधाम से क्रिसमस डे मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शनिवार को स्कूल प्रबंधक रवि चौहान और प्रधानाचार्या अंशु चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सेंटा क्लॉज ने बच्चों को चॉकलेट बांटी। यहां श्रुति सागर अनन्या त्रिपाठी, नेहा कश्यप, नैन्सी मिश्रा, गीतांजली शर्मा, मंजू आर्य, मीना आर्य, अंशिता पांडेय आदि मौजूद रहे। इधर डीडीएम डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें–मुन्हे बच्चे सेंटा क्लॉज की ड्रेस में मौजूद थे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मनीष गोयल ने सभी छात्र–छात्राओं और अभिभावकों को क्रिसमस डे की बधाई दी।

### कचरा फैलाने वालों से निगम कर्मियों ने वसूला 16 हजार जुर्माना


**काशीपुर(सं)।** नगर निगम के आयुक्त के आदेश पर कर्मचारियों ने सड़कों पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालानी अभियान चलाया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी के नेतृत्व में टीम ने सड़कों पर गंदगी फैलाने वाले 9 दुकानदारों का चालान काटकर उनसे 16 हजार 250 रुपये का जुर्माना वसूला। अभियान के तहत जसपुर खुर्द और गंगे बाबा रोड स्थित शराब कैंटीनों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक का डिस्पोजल पाए जाने पर जुर्माना वसूला गया। साथ ही भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं डिस्पोजल का प्रयोग करने व कचरा फैलाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# इंटर कॉलेज लियाखाल में विज्ञान मेले में छात्रों ने मॉडलों का किया प्रदर्शन




जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : विकासखंड पोखड़ा के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले के आयोजन में पच्चीस विद्यार्थियों ने चालीस से अधिक मॉडलों का प्रदर्शन किया।

विज्ञान मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीपक रावत व प्रबंध संचालक रमेश कुकरेती ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य दीपक रावत ने बताया कि शिक्षार्थियों में वैज्ञानिक सृजनात्मक एवं प्रयोगात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षा, खेल गरीब कन्याओं के विवाह एवं पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था लक्ष्मी शंकर ट्रस्ट के सचिव अजय नौटियाल, तपित एक पहल फाउंडेशन संस्थापक संजय गुसाईं द्वारा विज्ञान मेले में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को पारितोषिक वितरित किये गये। साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त ललित मोहन नेगी कोला निवासी द्वारा दो कम्प्यूटर, एक कलर पिंटर विद्यालय को दिया गया। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष संजय रावत, जिला अध्यक्ष डॉ. महावीर बिष्ट, बीआरसी समन्वयक मनोज रावत, जिला उपाध्यक्ष अजय बिष्ट, हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजय ऋषेश्वर, जिला पंचायत सदस्य हेमलता रावत, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र रावत, ग्राम प्रधान सिलेत राजपाल रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश ढौंडियाल, संजय गोसाई, अजय नौटियाल, प्रधानाचार्य विजय लिंगवाल, प्रवीण कुमार, अनुराग कांत, पंकज नौटियाल, कैलाश थपलियाल, सत्य प्रकाश, पूनम रावत, अनुराग बौठियाल, संकुल प्रभारी जगमोहन रावत, फील गुड के संस्थापक सुधीर सुद्रियाल, जिला महामंत्री महिपाल नेगी, युवा मोर्चा महासचिव शुभम रावत, प्रबंधक खिलासू अरुणोदय बिष्ट, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रभु शरण बुडाकोटी, ग्राम प्रधान संजय बिष्ट, नरेंद्र रावत, मनोहर पंत, मनोज नौडियाल, बसंती देवी, डॉ. भजन सिंह, रूपेश जोशी, मनोज बिष्ट, शिव सिंह, कुलदीप बिष्ट सहित छात्र–छात्रा उपस्थित रहे।




## गीता जयंती पर्व धूमधाम से मनाया



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : श्री गीता भवन (मंदिर) कोटद्वार में गीता जयंती पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्त उत्सव में सम्मिलित हुए। कार्यकर्म मेंपूज्य स्वामी श्री ज्ञानानंद के आह्वान पर 11 बजे एक मिनट एक साथ गीता पाठ किया गया। पूज्य ज्ञानानंद ने कुरुक्षेत्र से ऑनलाइन भक्तों को गीता के विषय में संबोधन किया। उन्होंने बताया कि गीता किसी धर्म, मजहब की नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के लिए है। गीता जयंती उत्सव में श्री गीता भवन के पीठाधीश्वर राम प्रकाश शर्मा ने कहा कि भक्त को भगवान के सामने गीता के दूसरे अध्याय के सातवे श्लोक का पाठ करके अपने कल्याण का मार्ग मांगना चाहिए। उन्होंने मोक्षदा एकादशी के महत्व को बताते मोक्ष की कामना हेतु भक्तों से गीता यज्ञ करवाया। कार्यक्रम में सभी के द्वारा गीता पूजन किया गया। गीता आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुवा। इस मौके पर द्वारिका प्रसाद एडवोकेट, संदीप अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, रमेश सिंघल, राजेश अग्रवाल, सेवक मानुजा, सुनील गोयल, सुनील अग्रवाल, सीमा गोयल, शशि शर्मा, अंजली अग्रवाल, लक्ष्मी कर्नवाल, रश्मि अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, ब्रजपाल सिंह, प्रतीक शर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री गीता भवन के पीठाधीश्वर राम प्रकाश शर्मा ने किया।

## धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव



जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चौबटाखाल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती गीता लिंगवाल द्वारा साल भर की प्रगाति आख्या प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जितेंद्र चौहान, जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवाण, महिपाल सिंह, भगत सिंह, विजय लिंगवाल, दीपक रावत, अनुराग कांत रौतेला, पीटीए अध्यक्ष मधुबाला सुंद्रियाल, एसएमसी अध्यक्ष योगम्बर सिंह, सुशील सुंद्रियाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन बलराज सिंह गुसांई ने किया।

## भू–कानून और मूल निवास लागू करने की मांग की

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने प्रदेश में भू कानून और मूल निवास लागू करने की मांग की है। समिति ने सीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द ही प्रदेश में भू कानून और मूल निवास लागू करने की मांग की है।सीएम पुष्कर सिंह धामी को भेजे गए ज्ञापन में समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन की मूल अवधारणा राज्य के मूल स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। राज्य गठन के बाद पूर्ववर्ति सरकारों ने सबसे पहले मूल निवास प्रमाण पत्र जोकि उत्तर प्रदेश के समय से अनिवार्य था, उसे समाप्त कर स्थायी निवास प्रमाण पत्र को अनिवार्य किया। जिसके चलते उत्तराखंड के बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हो गए है। उन्होंने सीएम से मूल निवास को अनिवार्य करते हुए स्थाई निवास प्रमाणपत्र को अस्थाई निवास प्रमाणपत्र में परिवर्तित करने, उत्तराखंड के हित में कड़े भू कानून लागू करने की मांग की है। कहा कि देहरादून में 24 दिसंबर को भू कानून व मूल निवास को लेकर होने वाली रैली को भी समिति पूर्ण समर्थन देती है। इस मौके पर गिरीश चंद्र बड़थ्वाल, मकान सिंह रावत, पीएस बिष्ट, नवीन नैथानी, गब्बर सिंह नेगी, एसपी बहुगुणा आदि शामिल थे।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी सूचना**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 29 एस.एल.आर: **13010 (F-I, F-II, R-I) , 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 12328 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 12172 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 19020 (F-I), 14318 (F-I)** के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 05.01.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस. एल. आर: **14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, F-II, R-I), 14321 (F-I), 14311 (F-I), 14718 (F-I,R-I), 12091 ((F-I,FII-RI,), 14315 (F-I, FII, R-I),14609 (F-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887(F-I,F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I)** के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 08.01.2024 (Timings: 10:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 4018/23

## रोडवेज के तीन हजार सामान्य पदों को भी अनफ्रीज करे सरकार

देहरादून(आरएनएस)। मृतक आश्रित कोटे के 195 पदों पर भर्ती का रास्ता खुलने के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार से सामान्य पदों को भी अनफ्रीज करने की मांग की। उत्तराचंल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महामंत्री अशोक चौधरी के अनुसार रोडवेज की वित्तीय स्थिति को कमजोर देखते हुए सरकार ने मृतक आश्रित कोटे में भर्ती पर रोक लगा दी थी। इन पदों को अनफ्रीज करने का फैसला निसंदेह स्वागतयोग्य है। रोडवेज में इसी प्रकार सामान्य श्रेणी में भी तीन हजार के करीब पद रिक्त हैं। उन पर भी भर्ती की अनुमति दी जानी चाहिए।

इससे वर्षों से रोडवेज में सेवाएं दे रहे विशेष श्रेणी के कर्मचारियों के भी परमानेंट होने का रास्ता खुल जाएगा।

## कृषि अनुसंधान सेवा लिखित परीक्षा सम्पन्न

देहरादून। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर शनिवार को कृषि वैज्ञानिक चयन के लिए होने वाली कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा मंड़ल की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। राज्य में दून पीजी कालेज आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी सेलाकुई में परीक्षा के लिए एक मात्र केंद्र बनाया गया था। कलेज के परीक्षा नियंत्रक आरके मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा को आईआईएसडब्ल्यूसी के प्रधान वैज्ञाानिक डा. जेएमएस तोमर के पर्यवेक्षण में सम्पन्न कराया गया ।परीक्षा में 175 परीक्षार्थी बैठे थे।

## ब्रुकलिन स्कूल में गीता जयंती के साथ मना त्रिसमस

देहरादून। ब्रुकलिन स्कूल में शुक्रवार को भगवद्गीता जयंती के साथ ही क्रिसमस का उल्लास देखने को मिला। स्कूल में बच्चों ने दोनों उत्सव साथ मनाए। दिन की शुरुआत गीता जयंती समारोह से हुई।


# दून फिनकार्प सर्विस

## आवश्यकता है

सेल्स एवं मार्केटिंग एक्सक्यूटिव की आवश्यकता है, फाईनेंस (ऋण) इन्डस्ट्री के लिए। निश्चित वेतन एवं इन्सेंटिव भी दिया जायेगा। इच्छुक अपना रिसयूम भेजे एवं संपर्क करें।

दून फिनकार्प सर्विस

**(प्रो. संदीप गुंसाई)**

**सम्पर्क 9897034862**

**फर्स्ट फ्लोर, अपोजिट सृष्टि होन्डा, देवी रोड़, नियर देवी मंदिर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल।**


## कार्यालयः- ग्रा0 प्रधान/ग्रा0पं0वि0अधि0- धौड़ा, विकासखण्ड- कल्जीखाल, पौड़ी गढ़वाल

### (अल्प कालीन निविदा सूचना)

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से ग्राम पंचायत धौड़ा विकास खण्ड कल्जीखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म व ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर0जी0एस0ए0 के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण | रू0 28500-00 | 500+ जीएसटी 18% | 7 दिवस | 120 दिवस | श्रेणी डी एवं उच्चतर तथा पी0डब्लयू0डी0, आर0डब्लयू0डी0 जिला पंचायत पौड़ी में से किसी भी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनाऐं एवं शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय धौड़ा पर चस्पा कर दी गई हैं।

**(कुमारी नीलम)**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा0पं0 धौड़ा**
**वि0ख0 कल्जीखाल**

# अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलैक्टर कोटद्वार गढ़वाल**
**रा0वा0सं0 सन् 2022**
**अध्यक्ष, अम्बेडकर जागृति समिति बनाम उत्तराखण्ड सरकार आदि**
**समन बनाम प्रतिवादीगण :-**

1. शारदा देवी पत्नी सोमवीर सिंह, 2. राजेन्द्र सिंह पुत्र गेन्दा सिंह, 3. सत्यप्रकाश पुत्र परमानन्द, 4. मोहन चन्द्र पुत्र परमानन्द, 5. चन्द्रशेखर पुत्र परमानन्द, 6. कौशल्या देवी पत्नी परमानन्द, 7. किशनानन्द पुत्र भोलादत्त, 8. मनीराम पुत्र भोला दत्त, 9. सत्यप्रकाश पुत्र गोपीनाथ, 10. अम्बीका प्रसाद पुत्र चण्डीप्रसाद, 11. चण्डीप्रसाद पुत्र तारादत्त, 12. चन्द्रमणि पुत्र उमापति, 13. देवदत्त पुत्र भवानी दत्त, 14. जगदीश प्रसाद पुत्र रतन लाल, 15. अर्जुन पुत्र सूर्यमणि, 16. प्रदीप पुत्र सूर्यमणि, 17. श्यामलाल पुत्र कलीराम, 18. मोहन सिंह पुत्र अवतार सिंह, 19. मदन सिंह पुत्र अवतार सिंह, 20. लक्ष्मण सिंह पुत्र अवतार सिंह, 21. गणेश सिंह पुत्र कुंवर सिंह, 22. चन्द्रदेवी पत्नी बुद्धिराम, 23. भुवानन्द पुत्र बुद्धिराम, 24. रमेश चन्द्र पुत्र बुद्धिराम, 25. मदनमोहन पुत्र बुद्धिराम, 26. सतेश्वरी देवी पत्नी हर्षपति, 27. वीरेन्द्र सिंह पुत्र मानसिंह, 28. हीरामणी पुत्र कृतराम, 29. झाबर सिंह पुत्र बूथार सिंह, 30. मेहरबान सिंह पुत्र बूथार सिंह, 31. पुष्पा देवी पत्नी वीरेन्द्र सिंह, 32. दरबान सिंह पुत्र पानसिंह, 33. नवल किशोर पुत्र हीरामणी, 34. वीरेन्द्र सिंह पुत्र मान सिंह, 35. राजेश्वरी देवी पत्नी वीरेन्द्र प्रसाद, 36. कुसुम देवी पत्नी गिरीश प्रसाद, 37. कपोत्री देवी पत्नी बलवीर सिंह, 38. कुलदीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 39. खुशहाल सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 40. श्यामा देवी पत्नी बूथार सिंह, 41. हर्ष सिंह पुत्र बचन सिंह, 42. दिनेश सिंह पुत्र बचन सिंह, 43. सुलोचना देवी पत्नी सुभाष चन्द्र, 44. लक्ष्मण सिंह पुत्र अवतार सिंह, 45. हर्षवर्धन सिंह पुत्र बलदेव प्रसाद, 46. भोला दत्त पुत्र केशव दत्त, 47. देवेश्वरी देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह, 48. विजयलक्ष्मी पत्नी धर्मानन्द, 49. सीताराम पुत्र मन्शाराम, 50. महिधर प्रसाद पुत्र मन्शाराम, 51. देवकी देवी पत्नी विशाल सिंह, 52. कर्मवीर सिंह पुत्र दौलत सिंह, 53. अरूणा देवी पत्नी हर्षवर्धन, 54. कीर्ति प्रसाद पुत्र केदारदत्त, 55. केलाशो देवी पत्नी सुखराम सिंह, 56. सुखराम सिंह पुत्र जादोसिंह, 57. दिगाम्बर पुत्र भवानी दत्त, 58. बलवीर सिंह पुत्र चन्दन सिंह, 59. सुमनलता पत्नी दिवाकर, 60. विजय प्रसाद पुत्र सत्यप्रकाश, 61. गिरीश चन्द्र पुत्र सत्यप्रकाश, 62. नीरज कुमार पुत्र सत्यप्रकाश, 63. पुष्पा देवी पत्नी राधेश्याम, 64. हीरादेवी पत्नी राकेश मोहन, 65. उषा देवी पत्नी दिगाम्बर प्रसाद, 66. आनन्दी देवी पत्नी वामदेव, 67. पार्वती देवी पत्नी सुधान्शु, 68. यशवन्त सिंह पुत्र कुन्दन सिंह, 69. बालम सिंह पुत्र वचन सिंह, 70. अनिल कुमार पुत्र आदित्य राम, 71. उमा पत्नी रणजीत सिंह, 72. मनवर सिंह पुत्र दिलवान सिंह, 73. जगदम्बा प्रसाद पुत्र नन्दराम, 74. अनिल सिंह पुत्र आनन्द सिंह, 75. गुड्डी देवी पत्नी जानकी प्रसाद, 76. मनद सिंह पुत्र मनोहर सिंह, 77. बीना देवी पत्नी मधुसूदन, 78. देवेन्द्र पुत्र चन्द्रमणि, 79. अभिलाशा पत्नी विनोद कुमार, 80. कौशल्या देवी पत्नी भुवनान्द, 81. अर्जुन सिंह पुत्र केसर सिंह, 82. सुरेशी देवी पत्नी विक्रम सिंह, 83. विक्रम सिंह पुत्र कुन्दन सिंह, 84. शिवचरण सिंह पुत्र गजेसिंह, 85. सुषमा देवी पत्नी विनोद कुमार, 86. विजेन्द्र पुत्र राम चन्द्र, 87. शेर सिंह पुत्र भूपाल सिंह, 88. महेन्द्र सिंह पुत्र शिव सिंह, 89. प्रकाश सिंह पुत्र शिव सिंह, 90. पान सिंह पुत्र राम सिंह, 91. अनिल कुमार पुत्र नवजीवन, 92. बबीता पत्नी बालमुकन्द, 93. माया देवी पत्नी वीर सिंह, 94. रितू पुत्री सुखराम सिंह, 95. सुमन पत्नी दिवाकर, समस्त निवासीगण ग्राम देवरामपुर, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

96- पार्षद, ग्राम देवरामपुर, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार

97- नगर आयुक्त नगर निगम, कोटद्वार।

हरगाह वादी द्वारा एक वाद धारा 229बी जमीं0वि0अधि0 के तहत आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में दायर किया गया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 30-01-2024 की तिथि नियत है।

अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप नियत तिथि दिनांक 30-01-2024 को ठीक 10.00 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होकर मामले की पैरवी करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 19-12-2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आज्ञा से**
**असिस्टेन्ट कलेक्टर प्र0श्रे0**
**कोटद्वार**

## नौवां नयारघाटी महोत्सव 26 से

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : नयारघाटी पंचायत महोत्सव 26 दिसम्बर से शुरू होगा। मंगलवार से होने वाले नौवें पंचायत महोत्सव के पहले व दूसरे दिन स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता जगदंबा डंगवाल ने बताया कि महोत्सव के तीसरे दिन 28 दिसंबर को लोक गायक अमित सागर टीम, 29 को लोक गायिका इंद्र आर्य रेनु बाला प्रस्तुति देंगी। 30 को वैदिक जागरण सम्राट मंगलेश डंगवाल व लोक गायक गजेंद्र राणा आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे।

## गुरिल्लाओं को मणिपुर की तर्ज पर मिले लाभ

श्रीनगर गढ़वाल : एसएसबी स्वयं सेवकों की बैठक श्रीनगर स्थित बाबा काली कमली धर्मशाला में आहुत की गई। इस मौके पर गुरिल्लाओं ने बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा लिये गये निर्णय पर खुशी जताते हुए आभार व्यक्त किया।

बैठक में जिला अध्यक्ष मान सिंह नेगी ने कहा कि गुरिल्ला नौकरी, पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर 17 सालों से आंदोलनरत हैं। कहा कि हाल ही मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभिन्न विभागों में प्रशिक्षित गुरिल्ला स्वयं सेवकों को आजीविका से जोड़ने के लिए प्रयास किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही गुरिल्ला स्वयं सेवकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना का भी निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि गुरिल्ला स्वयं सेवकों को मणिपुर की तर्ज पर नौकरी, पेंशन व आश्रित को नौकरी का लाभ मिले। कहा कि यदि गुरिल्ला एसएसबी स्वयं सेवको की मांग पर अमल नहीं होता हैं तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, उपखण्ड पौड़ी

पत्रांक 1762 /दो-लेखा/निविदा सूचना /2023-24 दिनांक 18-12-2023

## ''अल्पकालीन निविदा सूचना''

उत्तराखण्ड राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्न निर्माण कार्यो की मुहरबन्द निविदें अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड-पौड़ी द्वारा दिनांक 06.01.2024 के अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग के उपखण्ड-पौड़ी में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन इंगित निविदा अपराहन 3:00 बजे को सहायक अभियन्ता (प्रथम) कार्यालय में उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय दिनांक 05.01.2024 को सायं 4.00 बजे तक प्रखण्ड पौड़ी में किया जायेगा, किन्ही अपरिहार्य कारणों से निर्धारित तिथि को अवकाश हो जाने पर मुहरबन्द निविदा अगले कार्य दिवस को प्राप्त/खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0) | धरोहर धनराशि (रू0 ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पौड़ी के विकासखण्ड थलीसैंण में भैरव मंदिर में में टिन शेड का निर्माण एवं स्थल विकास कार्य। | थलीसैंण | 15.00 | 45000.00 | 1500.00 +GST 18% ई-चालान द्वारा | 04 माह | 45 दिन | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी ''ई''/उच्चतर |
| 2 | जनपद पौड़ी के विकासखण्ड खिर्सू के नन्दन नगर निगम जू0हा0स्कूल श्रीनगर में मरम्मत/अनुरक्षण कार्य। | खिर्सू | 24.00 | 74070.00 | 2500.00 +GST 18% ई-चालान द्वारा | 06 माह | 45 दिन | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी ''डी''/उच्चतर |
| 3 | जनपद पौड़ी के वी0च0सि0ग0रा0आ0शो0सं0 श्रीनगर गढ़वाल में ओपन जिम हेतु भूमि का समतलीकरण एवं सुरक्षा दीवार का कार्य। | खिर्सू | 19.00 | 59900.00 | 2000.00 +GST 18% ई-चालान द्वारा | 06 माह | 45 दिन | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी ''ई''/उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित शर्ते कार्यालय दिवस में कभी भी देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

# ट्रंप क्या चुनाव भी लड़ पाएंगे?

श्रुति व्यास

क्या कॉलोराडो के फैसले से डोनाल्ड ट्रंप की व्हाईट हाउस की राह कठिन हो गई है? एक घटनाक्रम में, जो चौंकाने वाला है भी और नहीं भी, कॉलोराडो ने अपने सवोच्च न्यायालय के ज़रिये डोनाल्ड ट्रंप के राज्य में अगले वर्ष का राष्ट्रपति चुनाव लडऩे पर प्रतिबंध लगयाहै। राज्य के सवोच्च न्यायाधीशों का यह निर्णय अमरीका के चुनावी इतिहास में अभूतपूर्व है। उनके फैसले के अनुसार 6 जनवरी को केपीटोल में बलपूर्वक घुसने के घटनाक्रम के दौरान ट्रंप का व्यवहार 14वें संशोधन के तीसरे अनुच्छेद का उल्लंघन है एवं उन्हें राज्य के विरुद्ध विद्रोह करने के कारण चुनाव लडऩे का हक़ नहीं है। ट्रंप के वकीलों ने इसे तुरंत चुनौती दी।

अब इस मामले की सुनवाई अमेरिकी सवोच्च न्यायालय में होगी और उसका फैसला आने तक कॉलोराडो में ट्रंप की उम्मीदवारी वैध रहेगी।

आखिर यह 14वां संशोधन क्या है जो ट्रंप के राष्ट्रपति बनने की आकांक्षा में बाधक बन गया है? 14वां संशोधन गृहयुद्ध के बाद कॉन्फेडरेट सांसदों को कांग्रेस में आने से रोकने के लिए लागू किया गया था। राष्ट्रपति चुनाव में कभी इसका उपयोग नहीं किया गया। अमेरिका और सारी दुनिया के बहुत से लोगों को कुछ समय के लिए ही सही, मगर हर्षित और रोमांचित करने वाली इस खबर से एक बड़ा 'लेकिन' जुड़ा हुआ है। पहली बात तो यह है कि अमेरिका के सवोच्च न्यायालय में कंजरवेटिवों के जबरदस्त बहुमत के चलते संभावना यही है कि ट्रंप का रास्ता रोकने का कॉलोराडो का प्रयास सफल नहीं हो सकेगा। हालांकि यह भी हो सकता है कि अन्य राज्य कॉलोराडो की राह पर चलकर ट्रंप के प्रायमरीज में भाग लेने पर रोक लगा दें।

दूसरे, भले ही ट्रंप को धक्का पहुंचा हो परंतु अमरीका की जनता उन्हें समर्थन देने के मूड में है।'न्यूयार्क टाईम्स' द्वारा करवाए गए एक सर्वे के अनुसार आधे से ज्यादा अमेरिकी इजराइल-हमास युद्ध में राष्ट्रपति जो बाइडन की भूमिका से नाखुश हैं। सर्वे में 57 प्रतिशत लोगों ने कहा कि बाइडन ने युद्ध के मामले में जो किया वे उसका समर्थन नहीं करते। एक अन्य सर्वे के अनुसार, 46 प्रतिशत मतदाताओं का कहना है ट्रंप इस पूरे मसले को बेहतर ढंग से हैंडल करते। केवल 38 प्रतिशत मतदाता ट्रंप की तुलना में बाइडन पर अधिक भरोसा करने को तैयार हैं। कुल मिलाकर चुनावी दौड़ में ट्रंप, बाइडन से दो प्रतिशत आगे हैं। यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है परंतु इस तथ्य के प्रकाश में कि ट्रंप के खिलाफ 91 आपराधिक मामलों में कार्यवाही चल रही है, यह मामूली सा अंतर भी निराशा पैदा करने वाले है।


और हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप अपने लिए निगेटिव को अपने लिए सुपर पॉजिटिव में बदलने की कला के चैंपियन हैं। ट्रंप ने एक नैरेटिव बनाया है जिसके अनुसार वे जोरो (एक काल्पनिक चरित्र जो हमेशा मॉस्क पहने रहता है और आम लोगों की मदद करता है) की तरह हैं, जिस पर डीप स्टेट हमलावर है। यह नैरेटिव बेहूदा और बकवास है परंतु ऐसा लगता है कि बड़ी संख्या में ट्रम्प समर्थक उसे सही मानते हैं। ट्रंप पर जितना कीचड़ उछाला जाता है उनकी छवि उतनी ही निखरती जाती है और रिपब्लिकन समर्थकों में उनकी लोकप्रियता और बढ़ती जाती है। एक भी प्राइमरी में हिस्सा न लेने के बावजूद रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की राह में वे सबसे आगे हैं।

एक और बात। ट्रंप की रूचि अदालतों में जीत हासिल करने में नहीं हैं। शुरू से ही उनके वकीलों की कोशिश यही रही है कि मुकदमे ज्यादा से ज्यादा लंबे खिंचें और चुनाव तक किसी मामले में कोई प्रगति न हो।

हालिया घटनाक्रम ने अमेरिका के चुनावों को और रोमांचक, और तनावपूर्ण बना दिया है। अभी भी कुछ अमरीकियों को यह उम्मीद है, यह भरोसा है कि नए साल में कोई चमत्कार होगा और कानून के लंबे हाथ ट्रंप को वहां पहुंचा देंगे जहां उन्हें होना चाहिए। और फिर 2024 का चुनावी सीन एकदम बदल जाएगा।

# लोक लुभावन घोषणाओं का भविष्य क्या है?

अजीत द्विवेदी



पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की कई अलग अलग पहलुओं से व्याख्या हो चुकी है। नतीजों से उठा गुबार थमने के बाद सभी मुद्दों और पार्टियों की ओर से किए तमाम राजनीतिक उपायों पर बात हुई है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि लोक लुभावन घोषणाओं का मुद्दा पीछे छूट गया है। पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में एक मध्य प्रदेश के छोड़ दें, जहां भाजपा की जीत का श्रेय मुख्य रूप में लाड़ली बहना योजना को दिया जा रहा है तो बाकी चार राज्यों के नतीजों में मुफ्त की चीजों या सेवाएं बांटने की घोषणाओं का असर नहीं देखा जा रहा है। हो सकता है कि हर राज्य में नतीजों पर किसी न किसी स्तर तक इन घोषणाओं या गारंटियों का भी असर हुआ हो लेकिन यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि लोक लुभावन घोषणाओं ने नतीजों को बड़े पैमाने पर प्रभावित नहीं किया है। मई में कर्नाटक के चुनाव नतीजों के बाद यह दावा किया गया था कि कांग्रेस की पांच गारंटियों ने उसे चुनावी जीत दिलाई लेकिन यह बात भी आंशिक रूप से ही सही थी। कांग्रेस की जीत के कई राजनीतिक और सामाजिक कारण भी थे।

तभी सवाल है कि लोक लुभावन घोषणाओं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मुफ्त की रेवड़ी' कहा था उसका भविष्य क्या है? आगे भी पार्टियां वैसे ही अनाप-शनाप घोषणाएं करती रहेंगी, जैसी इस साल के चुनावों में की हैं या उनकी रफ्तार धीमी होगी? गौरतलब है कि 'मुफ्त की रेवड़ी' की जो राजनीति अभी हो रही है उसका नया दौर अरविंद केजरीवाल ने शुरू किया है। हालांकि पहले भी लोक लुभावन घोषणाएं होती थीं लेकिन बहुत सीमित होती थीं और आमतौर पर चुनाव दूसरे मुद्दों पर लड़ा जाता था। सरकारों के कामकाज, भ्रष्टाचार, महंगाई के साथ साथ विचारधारा का मुद्दा भी होता था। लेकिन पिछले कुछ बरसों से भाजपा विरोधी पार्टियों के लिए बाकी मुद्दे हाशिए में चले गए हैं और मुफ्त की चीजों की घोषणाएं सबसे मुख्य हो गई हैं। अब ऐसा लग रहा है कि इसमें बदलाव आना शुरू हो रहा है। हालांकि ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक इसे अभी स्वीकार नहीं करेंगे और पार्टियां भी अगले कुछ चुनावों तक मुफ्त की चीजों की घोषणा करती रहेंगी लेकिन यह बहुत स्मार्ट राजनीति नहीं होगी। क्योंकि जो पार्टी इसकी मात्रा घटाएगी और दूसरे मुद्दों को इससे जोड़ेगी उसे फायदा होगा। जैसे इस बार भाजपा ने मुफ्त की चीजों के साथ दूसरे एजेंडे जोड़ कर चुनाव जीते।

तभी चुनाव नतीजों के बाद भाजपा मुफ्त की चीजों की घोषणाओं पर अमल की जल्दी में नहीं है। मिसाल के तौर पर मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत 10 दिसंबर को महिलाओं के खाते में साढ़े 12 सौ रुपए की रकम पहुंचनी चाहिए थी। शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर याद भी दिलाया था कि 'आज 10 तारीख है' लेकिन उसके कई दिन बाद भी राज्य सरकार ने महिलाओं के खाते में रकम ट्रांसफर करने की जल्दी नहीं दिखाई। उलटे नई सरकार ने एक आदेश जारी करके कुछ महिला समूहों को इस योजना से बाहर करने की पहल की है। विपक्षी पार्टियां इसकी आलोचना कर रही हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार शिवराज सिंह चौहान की ओर से घोषित योजनाओं की बजाय मोदी की गारंटी पर फोकस कर रही हैं। मोदी ने महिलाओं को सशक्त बना कर लखपति बनाने, उन्हें आवास देने और सस्ता सिलेंडर देने की गारंटी दी थी। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ इसी की बात कर रही है। हालांकि संभव है कि लाड़ली बहना योजना चलती रहे लेकिन रकम बढ़ा कर तीन हजार प्रति महीना तक ले जाने की कोई संभावना नहीं दिख रही है।

इसी तरह जिन पांच राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है उनमें सिर्फ एक में इसे आंशिक रूप से लागू किया गया है। हिमाचल प्रदेश में करीब साढ़े पांच सौ कर्मचारियों को आखिरी वेतन के 50 फीसदी के बराबर पेंशन देने की घोषणा हुई है। वहां एक हजार करोड़ का प्रावधन भी किया गया है। लेकिन बाकी चार राज्यों में इस पर अमल नहीं हुआ है। अब दो राज्यों- राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सरकार भी बदल गई है। सो, इन दोनों राज्यों में पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। वैसे कांग्रेस की सरकार ने भी इसे लागू नहीं किया था। छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार का दावा था कि राज्य के कर्मचारियों का 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा पीएफआरडीए के माध्यम से एनएसडीएल में जमा है। वह लौटाया जाए तभी पुरानी पेंशन योजना शुरू होगी। राजस्थान सरकार का कहना था कि एनपीएस के तहत पेंशन पा रहे कर्मचारियों ने सेवाकाल में एनपीएस से जो पैसे निकाले हैं उसे लौटाएं तभी पुरानी पेशन योजना शुरू होगी। झारखंड सरकार का भी यही तर्क है। पंजाब की आम आदमी पार्टी ने भी पुरानी पेंशन योजना की अधिसूचना जारी कर दी है लेकिन किसी को पैसे नहीं मिल रहे हैं।

हालांकि कुछ योजनाओं पर अमल हो गया है। जैसे कई राज्यों में मुफ्त में दो सौ या तीन सौ यूनिट बिजली दी जा रही है। पानी मुफ्त में देने की घोषणा पर अमल हो रहा है। महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की योजना लागू हो गई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों ने महिलाओं के खाते में पैसे डालने भी शुरू कर दिए हैं। लेकिन इस तरह की योजनाओं के बगैर भी भाजपा की जीत ने विपक्ष को भी सोचने पर मजबूर किया है। वे भाजपा से लडऩे के लिए कोई बड़ा नैरेटिव खड़ा करें या मुफ्त की चीजों और सेवाओं की घोषणा पर निर्भर होकर चुनाव लड़ें? उन्हें मुफ्त की चीजों की घोषणाओं के साथ साथ देश या राज्यों की आर्थिक सेहत के बारे में भी लोगों को बताना होगा क्योंकि भाजपा यह मुद्दा बना रही है कि 'मुफ्त की रेवड़ी' की वजह से राज्यों की आर्थिक सेहत खराब हो रही है।

विपक्ष के नेता आधे अधूरे तरीके से बताते हैं कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़े कारोबारियों का 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है और कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की है, जिससे बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों को लाखों करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। अगर विपक्ष लोगों को यह यकीन दिलाने का प्रयास करे कि उसकी सरकार बनी तो वह बड़े डिफॉल्टर उद्योगपतियों से वसूली करके आम लोगों को पैसे देगी या सुविधाएं देगी तो उसका बड़ा असर हो सकता है। ध्यान रहे 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी ने यही नैरेटिव बनाया था। उनके साथ रामदेव और रविशंकर जैसे बाबा लोग भी इसका प्रचार करते थे। रामदेव तो कहते थे कि विदेश में भारत का चार सौ लाख करोड़ रुपया है। विपक्ष को ऐसे झूठ बोलने की जरुरत नहीं है, बल्कि वास्तविकता बतानी है और एक आर्थिक योजना लोगों के सामने रखनी है। अगर वह ऐसा नहीं करती है तो सिर्फ मुफ्त की घोषणाओं से काम नहीं चलेगा क्योंकि भाजपा के पास मुफ्त की घोषणाओं के साथ साथ और भी बहुत सी चीजें हैं, जिनका मुकाबला करना विपक्ष के लिए मुश्किल होगा।

# कांग्रेस को सब नसीहत दे रहे हैं

पांच राज्यों में से चार में चुनाव हारने के बाद कांग्रेस की स्थिति ऐसी हो गई है कि हर नेता उसको नसीहत दे रहा है। हर नेता उस पर सवाल उठा रहा है और कोई उसकी बात मानने को तैयार नहीं है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ईवीएम को लेकर एक प्रस्ताव मंजूर कराना चाहा लेकिन विपक्षी पार्टियों ने ऐसा नहीं होने दिया। लेकिन ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के लिए मल्लिकार्जुन खडग़े के नाम का प्रस्ताव दे दिया। यह सिर्फ कांग्रेस को घेरने की ममता और अरविंद केजरीवाल की रणनीति थी। वहां जब प्रस्ताव ठुकरा दिया गया तब भी दो दिन तक मीडिया से बातचीत में ममता कहती रहीं कि उन्हें खुशी है कि खडग़े विपक्ष का चेहरा बनेंगे।



वे इतने पर नहीं रूकी हैं। उन्होंने कांग्रेस को अब एक नई सलाह दे दी है। उन्होंने कहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा को वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लडऩा चाहिए। सोचें, उनसे यह सलाह किसने मांगी थी? अगर ममता को उनकी पार्टी प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानती है तो ममता क्यों नहीं खुद वाराणसी से जाकर लड़ जाती हैं या पीएम बनने की महत्वाकांक्षा पाले हुए अरविंद केजरीवाल जब 2014 में वाराणसी लडऩे गए थे तो इस बार फिर क्यों नहीं जाकर वहां से चुनाव लड़ते हैं? बहरहाल, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने भी कांग्रेस को सलाह दी है कि वह पहले तय करे कि उत्तर प्रदेश में किसके साथ लड़ेगी, बसपा के साथ या कांग्रेस के साथ।

# मिमिक्री तो देश की

**आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है। इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं। तो मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के इतने महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया**

मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के बेहद महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है?

थोक भाव से विपक्षी सांसदों को दोनों सदनों निकाले जाने के बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसका वीडियो बनाते देखे गए। और इसके साथ ही सत्ता पक्ष को तमाम दूसरे मुद्दों से ध्यान भटकाने का बहाना मिल गया। तो उप-राष्ट्रपति के संवैधानिक पद, जाट और किसान सबके कथित अपमान के मुद्दे उछाल दिए गए। यहां तक कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने धनखड़ के समर्थन में बयान जारी किया और राज्यसभा में उसकी निंदा के लिए प्रस्ताव भी लाया गया। जवाब में विपक्ष ने प्रधानमंत्री की कुछ पुरानी भाव-भंगिमाओं और बयानों को सोशल मीडिया पर शेयर उन्हें मिमिक्री का उस्ताद बताने की मुहिम छेड़ दी। उधर मेनस्ट्रीम मीडिया ने अपने श्रोता वर्ग को इस बहस में उलझ दिया कि कौन ज्यादा बड़ा मिमिक्रीबाज है।

इस बीच संसद ने विपक्ष की गैर-हाजिरी में भारतीय दंड संहिता और साक्ष्य संहिताओं के नए तीन विधेयक पारित कर दिए। साथ ही लोकसभा ने टेलीकॉम बिल को मंजूरी दे दी। जाहिर है, इन सभी विधेयकों को बिना पर्याप्त संसदीय जांच-परख के पास कर दिया गया है, जबकि इनका प्रभाव देश के हर नागरिक पर पड़ेगा। मानव अधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पारित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता के बारे में कहा है कि इनसे भारत में अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कार्रवाइयों में और बढ़ोतरी ही होगी। थिंक टैंक इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) ने कहा है कि नए कानूनों से कोई सुधार होना तो दूर, उनसे सरकार का नियंत्रण और सख्त होगा।

आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है। इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं। तो मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के इतने महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया। क्या देश का इससे बड़ा कोई और मखौल उड़ाया जा सकता है?

# बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की डंकी की शानदार शुरुआत





शाहरुख खान की साल की तीसरी फिल्म ह्यडंकीह्व गुरुवार को काफी धूमधाम के बीच सिनेमाघरों में पहुंची. भारत में राजकुमार हिरानी की फिल्म का पहला शो सुबह 5:55 बजे मुंबई के आइकॉनिक सिंगल-स्क्रीन थिएटर गेयटी गैलेक्सी में था, और जैसे ही सिनेमा हॉल की क्लिप इंटरनेट पर वायरल हुए, यह किसी सेलिब्रेशन से कम नहीं था. हालांकि, पूरे दिन फिल्म को उतने दर्शक नहीं मिले. चलिए यहां जानते हैं ह्यडंकीह्व ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ से ओपनिंग की है.

शाहरुख खान स्टारर ह्यडंकीह्व सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. फिल्म का रिलीज से पहले ही दर्शकों में काफी क्रेज था और जैसे ही ये फिल्म थिएटर्स में पहुंचीं वैसे ही इसे देखने के लिए पहेल दिन खूब दर्शक भी पहुंचे. हालांकि वीकडेज होने की वजह से फिल्म को सिनेमाघरों में बहुत ज्यादा फुटफॉल नहीं मिला. वहीं अब ह्यडंकीह्व की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक ह्यडंकीह्व ने अपनी रिलीज के पहले दिन 30 करोड़ का कलेक्शन किया है.ह्यडंकीह्व ने पहले दिन 30 करोड़ का कलेक्शन किया है. फिल्म की कमाई का पहले दिन का ये आंकड़ा शाहरुख खान की पिछली फिल्म पठान और जवान से कम है. वहीं हालिया रिलीज फिल्म एनिमल का ओपनिंग डे कलेक्शन भी ह्यडंकीह्व से ज्यादा था.

# एक्शन से भरपूर है रवि तेजा कि फिल्म ईगल का ईगल ट्रेलर जारी



एक्शन से भरपूर रवि तेजा ईगल का ट्रेलर रिलीज हो गया। मास राजा रवि तेजा कार्तिक घट्टमनेनी द्वारा निर्देशित अपनी आगामी मनोरंजन फिल्म ईगल के साथ फिल्म प्रेमियों को लुभाने के लिए तैयार हैं, जो 13 जनवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है। फिल्म के प्रचार से लगातार उम्मीदें बढ़ रही हैं, और आज, निर्माताओं ने अत्यधिक अनावरण किया प्रत्याशित ट्रेलर.रवि तेजा ने एक शानदार एंट्री की है, जिसे तीव्रता और शक्ति के साथ चित्रित किया गया है, और प्रभावशाली संवाद बोले हैं जो फिल्म के लिए माहौल तैयार करते हैं। ट्रेलर में रवि तेजा को न केवल खूबसूरत अभिनेत्रियों के साथ बल्कि अत्याधुनिक हथियारों के साथ रोमांस करते हुए दिखाया गया है, जो एक बहुआयामी कहानी की ओर इशारा करता है। नायक को विभिन्न पक्षों से विरोधियों का सामना करना पड़ता है, जिससे कहानी में साज़िश की परतें जुड़ जाती हैं। सिनेमैटोग्राफी और बैकग्राउंड म्यूजिक (बीजीएम) दृश्यों को बेहतर बनाते हैं, जिससे फिल्म के प्रति समग्र प्रत्याशा बढ़ जाती है.ट्रेलर में काव्या थापर, अनुपमा परमेश्वरन, नवदीप, श्रीनिवास अवसारला और मधुबाला सहित अन्य प्रमुख कलाकारों की झलक दिखाई गई है, जो कहानी की प्रगति में योगदान दे रहे हैं। ईगल एक बड़े विस्फोट का वादा करता है, और ट्रेलर दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक आकर्षक अनुभव का आश्वासन देता है।

# हाई हुकू एक म्यूजिकल टाइम मशीन है : किंग

म्यूजिशियन किंग ने 90 के दशक के लोकप्रिय गाने हाई हुकू के मॉडर्न रिक्रिएशन के लिए निकिता गांधी के साथ हाथ मिलाया और उन्होंने इस ट्रैक को एक म्यूजिकल टाइम मशीन कहा।

किंग ने बताया, हाई हुकू म्यूजिकल टाइम मशीन है, जो 90 के दशक की पुरानी यादों को आज के बीट्स से जोड़ती है। यह एक जर्नी है, और मैं इसकी मूल जीवंत धुन को बरकरार रखते हुए और म्यूजिक लवर्स को एक नया एक्सपीरियंस देते हुए कुछ हिस्सों को फिर से लिखने के लिए रोमांचित हूं।

निकिता ने कहा, हाई हुकू पर सहयोग करना ग्रेट पर्सनल म्यूजिकल जॉय राइड है। बचपन में मुझे यह गाना बहुत पसंद था और मैं इसे बार-बार सुनती थी।

# सालार ने चकनाचूर कर दिए जवान सहित सारे रिकॉर्ड, प्रभास की फिल्म को मिली धुंआधार ओपनिंग

प्रभास की मच अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म सालारः पार्ट-1 सीजफायर आखिरकार शुक्रवार, 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई. इस फिल्म का शाहरुख खान की डंकी के साथ बड़ा क्लैश हुआ है. हालांकि दोनों ही फिल्मों का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है लेकिन कमाई के मामले में सालार ने आते ही डंकी की बैंड बजा दी है.

प्रभास की फिल्म के एडवांस बुकिंग का कलेक्शन (करीब 50 करोड़) ही डंकी के ओपनिंग डे (30 करोड़) की कमाई से काफी ज्यादा है. यहां तक कि सालारह्व ने शाहरुख खान की साल की सबसे बड़ी फिल्म जवान का रिकॉर्ड भी चकनाचूर कर दिया है. चलिए यहां जानते हैं सालार ने कितनी बंपर ओपनिंग की है.रिपोर्ट के मुताबिक सालार अपनी रिलीज के पहले दिन 95 करोड़ की ऐतिहासिक ओपनिंग कर सकती है. हालांकि ये अर्ली एस्टीमेट है ऑफिशियल डाटा आने के बाद इन नंबर्स में थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है.

ऑरमैक्स मीडिया ने भी सालार की कमाई के आँकड़े जारी किए हैं. इनकी रिपोर्ट के मुताबिक सालार पार्ट वन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ग्रॉस 116 करोड़ की कमाई कर ली है. सालार के तेलुगु वर्जन ने सबसे ज्यादा 71 करोड़ की कमाई की है. वहीं बाकी लैंग्वेज ने 45 करोड़ के आस पास कमाई की है.

प्रभास की सालार ने बंपर ओपनिंग की है. फिल्म का पहले दिन 95 करोड़ के करीब कलेक्शन एक बड़ा रिकॉर्ड है. इसी के साथ इस फिल्म ने शाहरुख खान की इस साल की सबसे बड़ी फिल्म जवान के गुरूर को भी मिट्टी में मिला दिया है. दरअसल सालार ने जवान के ओपनिंग डे के कलेक्शन के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है और इसी के साथ ये फिल्म साल की सबसे बड़ी ओपनर बन चुकी है.



बता दें कि जवान ने रिलीज के पहले दिन 75 करोड़ की ओपनिंग की थी वहीं सालार ने पहले दिन 95 करोड़ का कलेक्शन कर नया बेंचमार्क सेट कर दिया है। सालार का निर्देशन केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील ने किया है और इस फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो सालार में प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू ने अहम रोल प्ले किया है.

# फाइटर का दूसरा गाना इश्क जैसा कुछ जारी, दीपिका-ऋतिक की बोल्ड केमिस्ट्री से नहीं हटेंगी नजरें



ऋतिक रोशन की मोस्ट अवेटेड फिल्म फाइटर 25 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म के टीजर ने पहले ही किक देने वाली एक्शन से भरपूर दुनिया की एक झलक दिखा दी है और दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है. सीजन के बेस्ट पार्टी एंथम, शेर खुल गए के साथ फिल्म के म्यूजिकल सफर की शुरुआत हो गई थी और अब मेकर्स ने फिल्म का दूसरा गाना इश्क जैसा कुछ रिलीज कर दिया है.

फाइटर के दूसरे गाने इश्क जैसा कुछ में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है. दोनों का ऑनस्क्रीन रोमांस फैंस के लिए किसी सरप्राइज से कम नहीं है. यह गाना अपने शानदार रोमांटिक ट्रैक, ऋतिक और दीपिका की जबरदस्त जोड़ी, खूबसूरत नजारे और गहराई से जुड़ने वाले म्यूजिक के साथ दर्शकों के दिलों को दीवाना करता है.

विशाल-शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने इस गाने को अपनी आवाज दी है, जो कुमार, मेलो डी और विशाल ददलानी ने तैयार किए गए लीरिक्स को कॉम्प्लीमेंट करता है. इस गाने को विशाल और शेखर ने कंपोज किया हैं. वहीं बॉस्को-सीजर की कोरियोग्राफ के साथ यह गाना एक रोमांटिक हिट होने वाला है.

सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन और वायकॉम18 स्टूडियो और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म फाइटर एक्शन स्टोरीटेलिंग में क्रांति लाने के लिए तैयार है. यह फिल्म दिल दहला देने वाले एक्शन सीन्स और देशभक्ति की भावना को पेश करती है. फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लीड किरदार अदा करते नजर आएंगे. फाइटर 25 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है.

# रवि तेजा ने रिवील किया अपनी फिल्म मिस्टर बच्चन का पोस्टर, लिखा- नाम तो सुना होगा...

रवि तेजा ने अपनी अपकमिंग फिल्म मिस्टर बच्चन का पोस्टर रिवील कर दिया है. हरीश शंकर के डायरेक्शन में बनी मिस्टर बच्चन के पोस्टर में रवि तेजा का शानदार लुक देखने को मिला है. ब्लैक टीशर्ट, ब्राउन जैकेट, ब्लैक शेड्स लगाए बाइक पर बैठे रवि तेजा मिस्टर बच्चन पोस्टर में सीरीयस लुक दे रहे हैं. उनकी लंबी मूंछें और उनका हेयरकट 70 और 80 के दौर के अमिताभ बच्चन से मैच कर रहा है.

रवि तेजा की फिल्म का नाम और उनका लुक इस ओर इशारा कर रही है कि फिल्म अमिताभव बच्चन से इंस्पायरड है. पोस्टर में नाम के साथ अमिताभ बच्चन का डायलॉग- नाम तो सुना होगा भी लिखा है. बता दें कि रवि तेजा पहले से ही अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े फैन हैं और अब जब अपने आइडियल के नाम और लुक के साथ उनकी नई फिल्म आ रही है तो उन्होंने इसपर खुशी जताई है.

इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- नाम तो सुना होगा. मेरे पसंदीदा अमिताभ बच्चन साहब के नाम वाला किरदार निभाना सम्मान की बात है.

मिस्टर बच्चन के साथ रवि तेजा और हरीश शंकर तीसरी बार एक-दूसरे के साथ काम करने जा रहे हैं. इससे पहले वे शॉक और मिरापाके में एक साथ काम कर चुके हैं. वहीं भाग्यश्री बोरसे मिस्टर बच्चन में लीड एक्ट्रेस के तौर पर दिखाई देंगी. ये एक तेलुगू फिल्म है जिसके साथ भाग्यश्री बोरसे अपना तेलुगू डेब्यू करने जा रही है. फिल्म अगले साल थिएटर्स में रिलीज होगी.

रवि तेजा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे इससे पहले तेलुगू फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में नजर आए थे. अब वे कार्तिक गट्टमनेनी के डायरेक्शन में बनी फिल्म ईगल में दिखाई देंगे. ईगल 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# ईशा मालविया बनीं बिग बॉस 17 की नई हाउस कैप्टन

एक्ट्रेस ईशा मालविया ने कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस में एक टास्क जीतने के बाद कप्तानी की कमान संभाल ली है। लेटेस्ट एपिसोड में तीखी बहस के बाद फैसला लिया गया। टास्क में घर वालों को दो टीमों में बांटा गया था, जिनके कप्तान नील भट्ट और विक्की जैन थे नील ने अपनी टीम ए के लिए ऐश्वर्या शर्मा, अभिषेक कुमार, अरुण, रिंकू धवन और अनुराग डोभाल को चुना। विक्की ने बाकी कंटेस्टेंट्स को चुना और मुनव्वर संचालक थे।

दोनों टीमों को उनके वर्कस्पेस पर रखा गया था, जहां उन्हें सेबों को बॉक्स में पैक करना था। टीम ए से ऐश्वर्या और टीम बी से अंकिता को क्वालिटी चेक मैनेजर्स के रूप में नियुक्त किया गया।काफी खींचतान के बाद, टीम बी ने सेब के दो बॉक्स के साथ टास्क जीत लिया, टीम ए के बॉक्स को टास्क के क्वालिटी चेक सेगमेंट में अस्वीकार कर दिया। ऐश्वर्या ने पहले अप्रूव्ड बॉक्स को दोबारा चेक करने की मांग की, लेकिन मुनव्वर ने इनकार कर दिया।

टीम बी को अगला कप्तान बनाने के लिए टीम में से एक व्यक्ति को चुनने के लिए कहा गया। काफी चर्चा के बाद कंटेस्टेंट्स ने दो नाम अंकिता लोखंडे और ईशा मालवीय दिए। लेकिन उस पर भी बहस हो गई।

# फुटपाथ पर रख दिया पद्मश्री, पीएम से मिलने नहीं दिया, तो बजरंग ने आवास के बाहर छोड़ा अवॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव बृजभूषण सिंह के करीबी के जीते जाने से नाराज होकर पहलवान बजरंग पूनिया ने बड़ा फैसला लिया है। साक्षी मलिक के संन्यास की घोषणा के एक दिन बाद ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने पीएम मोदी को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने लिखा कि वह अपना पद्मश्री पुरस्कार लौटा देंगे। 2019 में बजरंग को देख का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री अवॉर्ड मिला था। घोषणा के कुछ देर बाद ही बजरंग पूनिया अपना अवॉर्ड लौटाने प्रधानमंत्री आवास पहुंच गए। वहां पुलिस ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। काफी समय तक बजरंग और पुलिसकर्मी के बीच वहां बातचीत चलती रही।बजरंग पूनिया को पीएम आवास में नहीं जाने दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपना पद्मश्री पुरस्कार वहीं फुटपाथ पर रख दिया। इसमें मेडल के साथ कुछ कागजात भी थे। पूनिया ने अपने लेटर में कहा है कि उनकी रात रोते–रोते हुए निकली है, समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें, कहां जाएं और कैसे जिएं। पूनिया ने लिखा, माननीय प्रधानमंत्री जी, उम्मीद है कि आप स्वस्थ होंगे। आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे। आपकी इस भारी व्यस्तता के बीच आपका ध्यान कुश्ती पर दिलवाना चाहता हूं।



पूनिया का कहना है कि 21 दिसंबर को हुए कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण एक बार फिर काबिज हो गया। उसने स्टेटमेंट दी कि दबदबा है और दबदबा रहेगा। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी दोबारा कुश्ती का प्रबंधन करने वाली इकाई पर दबदबा होने का दावा कर रहा है। इसी मानसिक दबाव में आकर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। उन्होंने लिखा, इतना मान सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने, क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं। साल 2019 में मुझे पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड भी मिला। जब ये सम्मान मिले तो बहुत खुश हुआ। लेकिन आज उससे कहीं ज्यादा दुखी हूं और ये सम्मान मुझे कचोट रहे हैं।

कारण सिर्फ एक है, जिस कुश्ती के लिए ये सम्मान मिले, उससे हमारी साथी महिला पहलवानों को अपनी सुरक्षा के लिए कुश्ती तक छोड़नी पड़ रही है। पूनिया ने अपने लेटर में यह भी कहा है कि जिन बेटियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का ब्रांड एंबेसेडर बनना था, उनको इस हाल में पहुंचा दिया गया है कि अपने खेल से ही पीछे हटना पड़ा।

**खिलाड़ी के मरने पर रोने का इंतजार करना**

नई दिल्ली। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी के कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने के बाद पहलवान बजरंग पूनिया ने नाराज होकर अपना पद्मश्री पुरस्कार वापस कर दिया है। इसके बाद बृजभूषण के खिलाफ लंबे समय तक धरना देने वाली खिलाड़ी विनेश फोगाट भावुक हो गईं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कसी खिलाड़ी के मरने पर रोने का इंतजार करना अभी, आपका नया भारत देश मुबारक हो महिलाओं के सम्मान में।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2–1 से जीत हासिल की

**वालेंसिया ,एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 2–1 से जीत के साथ अपने 5 देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 अभियान का समापन किया।

भारत के लिए दीपिका (4') और संगीता कुमारी (22') निशाने पर थीं, जबकि कप्तान कैथरीन मुलान (12') ने आयरलैंड के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने खेल की शुरुआत फ्रंटफुट पर की, दीपिका ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में ही गेंद को गोल में डालकर भारत को बढ़त दिला दी। लेकिन आयरलैंड शुरुआती भारतीय हमले से घबराया नहीं था; उन्होंने खुद को संभाला और कुछ ही देर बाद अपनी कैप्टन कैथरीन मुलान के जरिए बराबरी हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में, आयरलैंड ने बढ़त हासिल करने की कोशिश की, जल्दी–जल्दी दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारतीय अपनी रक्षा में दृढ़ रहे। भारतीय महिला हॉकी टीम को अपना पेनल्टी कॉर्नर मिला और संगीता कुमारी ने गोल करने के लिए कदम बढ़ाया और हाफटाइम ब्रेक से पहले अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी।

तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक–एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन वे दोनों इसका फायदा उठाने में असफल रहीं और चौथे क्वार्टर में स्कोरलाइन भारत के पक्ष में 2–1 से रही।

आयरलैंड ने आखिरी क्वार्टर में बराबरी का प्रयास किया और भारत को अपने हाफ में वापस धकेल दिया और तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। हालाँकि, भारतीय रक्षापंक्ति ने सभी प्रयासों को बचाया और यह सुनिश्चित किया कि वे मुकाबले में विजेता बनें।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच इस दिग्गज खिलाड़ी ने किया संन्यास का ऐलान

**जोहान्सबर्ग ,एजेंसी।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट बल्लेबाज डीन एल्गर ने घोषणा की है कि वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

पूर्व कप्तान दो टेस्ट मैचों के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे पहला 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन में उनके घरेलू मैदान, सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा और दूसरा उस स्थान पर, जहां उन्होंने अपना पहला टेस्ट रन केप टाउन में न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में बनाया था, 3 से 7 जनवरी तक खेला जाएगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 12 साल के करियर के दौरान 84 टेस्ट और आठ एकदिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है।

2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से, एल्गर ने 37.28 की औसत से 5000 से अधिक रन बनाए, जिसमें 13 शतक और 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 199 रन की पारी शामिल है। एल्गर ने एक बयान में कहा, क्रिकेट का खेल खेलना हमेशा से मेरा एक सपना रहा है, लेकिन अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाना परम सौभाग्य है! अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 12 वर्षों तक ऐसा करने का सौभाग्य प्राप्त करना मेरे सपनों से परे है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं काफी भाग्यशाली रहा हूं।

जैसा कि कहा जाता है, 'सभी अच्छी चीजों का अंत होता है', और भारतीय घरेलू श्रृंखला मेरी आखिरी श्रृंखला होगी, क्योंकि मैंने अपने खूबसूरत खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है। एक खेल जिसने मुझे बहुत कुछ दिया है। केप टाउन टेस्ट मेरा आखिरी होगा। दुनिया में मेरा पसंदीदा स्टेडियम। जहां मैंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट रन बनाया था और उम्मीद है कि आखिरी भी बनाऊंगा।

बल्ले से उनके योगदान और शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें मई 2021 से जनवरी 2023 तक टेस्ट कप्तान की भूमिका मिली, जहां उन्होंने जनवरी 2022 में घर पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण में भारत पर 2–1 से उल्लेखनीय श्रृंखला जीत के साथ टीम को तीसरे स्थान पर पहुंचाया।

सीएसए के सीईओ फोलेत्सी मोसेकी ने टिप्पणी की, हम वर्षों से डीन को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने सम्मान के साथ अपने देश का प्रतिनिधित्व किया है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के लिए एक वास्तविक राजदूत रहे हैं, हमेशा अपने दिल से खेलते हैं। उनकी धैर्यशीलता और दृढ़ संकल्प दो गुण हैं जो वास्तव में सामने आए; और ये ऐसे गुण हैं जिनसे सभी दक्षिण अफ्रीकी जुड़ सकते हैं।

# दीप्ति पहले चार टेस्ट में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने एक विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और महिला क्रिकेट के इतिहास में अपने पहले चार टेस्ट मैचों में अर्धशतक बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की डेनिस एमर्सन नी एल्डरमैन के साथ दूसरी खिलाड़ी बन गईं।

दीप्ति यहां वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप्स तक 70 रन पर बल्लेबाजी कर रही थीं। उन्होंने और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने आठवें विकेट की अधूरी साझेदारी के लिए 102 रन बनाए, जिससे भारत को चाय के विश्राम से ठीक पहले चार विकेट जल्दी गिरने से उबरने में मदद मिली। स्टंप्स के समय भारत का स्कोर 119 ओवर में 376/7 था, जिसमें दीप्ति 70 और पूजा 33 रन पर खेल रही थीं।

दीप्ति ने पिछले हफ्ते डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पिछले टेस्ट में 67 और 20 रन बनाए थे। उत्तर प्रदेश के आगरा की 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 54 रन बनाए थे, जिससे भारत को मैच ड्रा कराने में मदद मिली। सितंबर 2021 में कैरारा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अगले टेस्ट में, दीप्ति ने पहली पारी में 66 रन बनाए, जिससे भारत को अपनी पहली पारी 377/8 घोषित करने में मदद मिली।

डी वाई पाटिल और वानखेड़े में लगातार अर्धशतकों ने उन्हें रिकॉर्ड बनाने में मदद की और पहले चार टेस्ट मैचों में अर्धशतक बनाने में डेनिस एमर्सन के साथ शामिल हो गईं।

डेनिस ने दिसंबर और जनवरी 1985 में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली चार पारियों में 84, 131, 84 और 58 रन बनाए थे।

इस तरह दीप्ति महिला क्रिकेट में लगातार मैचों में चार अर्धशतक बनाने वाली नौवीं बल्लेबाज बन गईं।

लगातार सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से ऑस्ट्रेलिया की पेटा वेरको और भारत की हेमलता काला के नाम है, जिन्होंने लगातार पांच अर्धशतक बनाए थे। वेरको ने पांच टेस्ट मैचों में 68, 81, 67, 105 और 78 रन बनाए – एक न्यूजीलैंड (1979) के खिलाफ और चार 1984 में भारत के खिलाफ। हेमलता ने 2002 से 2006 के बीच पांच मैचों में 110, 64, 62, 110 और 68 रन बनाए।

# पाकिस्तान को शाहीन आफरीदी की थोड़ी तेज गेंदबाजी की जरूरत : वॉन



**मेलबर्न ,एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी के अगुआ शाहीन शाह आफरीदी से और अधिक प्रयास देखना चाहते हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरुआती मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी अधिक तेज गेंदबाजी करने की जरूरत है।

पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शाहीन ने 45.2 ओवरों में 2/172 के मैच आंकड़े बनाए, क्योंकि पाकिस्तान 360 रनों से हार गया।

वॉन को यह भी लगता है कि अगर पाकिस्तान ने गेंद से संघर्ष नहीं दिखाया तो पर्थ का खराब प्रदर्शन मेलबर्न और सिडनी में आने वाले टेस्ट में दोहराया जा सकता है।

पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या आप मेरा ईमानदार उत्तर चाहते हैं? मैं नहीं (उम्मीद करता हूं कि वे दूसरे और तीसरे टेस्ट में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे)। मेरा मतलब है,

वे एक ऐसी टीम हैं जो लगभग थोड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। मैंने देखा है कि यह पहला पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें 145 किमी/घंटा से अधिक की गति वाला गेंदबाज नहीं है।

वे आम तौर पर थोड़ी तेजी के साथ यहां आते हैं।

# मकाबी तेल अवीव के सात विदेशी खिलाड़ियों ने इज़राइल लौटने से किया इनकार

**यरूशलेम ,एजेंसी।** मकाबी तेल अवीव के सभी सात विदेशी खिलाड़ी बेलग्रेड में यूरोलीग खेल के बाद टीम के साथ इजराइल नहीं लौटे।सभी प्रमुख इजरायली खेल मीडिया ने इस घटना का कारण इजरायल–हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण खिलाड़ियों के वेतन में 15 प्रतिशत की कटौती करने के क्लब के फैसले को बताया है।संघर्ष के कारण, मकाबी अपने यूरोलीग खेलों को सर्बिया के बेलग्रेड में अलेक्जेंडर निकोलिक हॉल में बिना दर्शकों के आयोजित करता है, जिसके चलते भारी वित्तीय नुकसान होता है।

मैकाबी ने एक बयान में कहा, खेल के अंत में, विदेशी खिलाड़ियों ने क्लब के प्रबंधन से बात की और इज़राइल नहीं आने के अपने फैसले की घोषणा की।

इसमें कहा गया है कि टीम शनिवार और सोमवार को अपने दो आगामी इज़राइली सुपर लीग खेलों में केवल इज़राइली खिलाड़ियों के साथ दिखाई देगी।

मैकाबी का अगला यूरोलीग गेम गुरुवार को लिथुआनिया में ज़ल्गिरिस कौनास के खिलाफ है।


जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और

सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338